CITY OF WOLVERHAMPTON COUNCIL

क्या आप अपने बच्चे को टर्म समय में स्कूल से बाहर निकालने की सोच रहे हैं?

पेनल्टी नोटिसों के लिए नया राष्ट्रीय ढांचा

wolverhampton.gov.uk

पेनल्टी नोटिसों के लिए नया राष्ट्रीय ढांचा

पेनल्टी नोटिसों के लिए नया राष्ट्रीय ढांचा शुरु करने के साथ, 19 अगस्त 2024 के बाद स्कूलों द्वारा दर्ज की गई अनधिकृत छुट्टियों के लिए जारी किए गए पेनल्टी नोटिस के जुर्मानों के लिए निम्नलिखित परिवर्तन लागू होंगे।

किस पर जुर्माना लगाया जा सकता है?

पेनल्टी नोटिस के जुर्माने उस प्रत्येक माता/पिता को जारी किए जाते हैं जो अपने बच्चे को स्कूल से अनुपस्थित होने देते हैं।

उदाहरण के लिए: यदि तीन भाई-बहन टर्म समय के अवकाश के लिए अनुपस्थित रहते हैं, तो छुट्टी की अनुमति देने वाले प्रत्येक माता-पिता पर तीन अलग-अलग जुर्माने लगाए जाएंगे।

राष्ट्रीय थ्रेशहोल्ड (शुरुआती-आधार)

इस बारे में एक एकल सुसंगत राष्ट्रीय थ्रेशहोल्ड होगा जब इंग्लैंड के सभी स्कूलों को लगातार 10 स्कूल सप्ताह की अवधि के भीतर 10 सत्रों (आमतौर पर पांच स्कूल दिवसों के बराबर) की अनधिकृत अनुपस्थिति के लिए पेनल्टी नोटिस पर विचार करना होगा।

उदाहरण के लिए:

पांच दिन की छुट्टी राष्ट्रीय थ्रेशहोल्ड को पूरा करेगी।

10-स्कूल सप्ताह की अवधि अलग-अलग अवधियों या स्कूल वर्षों में फैली हो सकती है।

पहला अपराध

पहली बार अनधिकृत अनुपस्थिति के लिए पेनल्टी नोटिस जारी किए जाने पर, जुर्माने की राशि होगी:

- £80 प्रति माता/पिता, प्रति बच्चा, यदि 21 दिनों के भीतर भुगतान किया जाए।
- 22-28 दिनों के बीच भुगतान किए जाने पर यह राशि बढ़कर £160 हो जाएगी।

दूसरा अपराध (3 वर्ष के भीतर)

दूसरी बार अनधिकृत अनुपस्थिति के लिए पेनल्टी नोटिस जारी होने पर राशि होगी:

- £160 प्रति माता/पिता (जिन्होंने छुट्टी की अनुमति दी), प्रति बच्चा, जो 28 दिनों के भीतर देय होगी।

तीसरा अपराध तथा कोई भी और अपराध (3 वर्षों के भीतर) तीसरी बार अपराध किए जाने पर पेनल्टी नोटिस जारी नहीं किया जाएगा और स्थानीय प्राधिकारियों को अनुपस्थिति संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए अन्य उपलब्ध उपायों पर विचार करना होगा। इसका अर्थ हो सकता है कि मामले मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रस्तुत किये जाएं। मुकदमा चलाने के परिणामस्वरूप आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज हो सकते हैं और £2,500 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

मजिस्ट्रेट की कोर्ट में दोषी पाए जाने वाले मामलों को 'बच्चे की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने में विफलता' के कारण माता-पिता के भविष्य के DBS प्रमाण पत्र पर दर्शाया जा सकता है।

आंशिक भुगतान या भुगतान योजनाएं उपलब्ध नहीं हैं और जुर्मानों का भुगतान पेनल्टी नोटिस में दी गई दर पर, 21 या 28 दिनों के भीतर पूर्ण रूप से किया जाना होगा।

यदि आपको अधिक जानकारी चाहिए, तो कृपया attendanceandinclusion@wolverhampton.gov.uk पर ईमेल करके अटेन्डन्स टीम से संपर्क करें

आप 01902 551155 पर कॉल करके या translations@wolverhampton.gov.uk पर ईमेल करके यह जानकारी बड़े अक्षरों, ब्रेल, ऑडियो या किसी अन्य भाषा में प्राप्त कर सकते हैं

जिन चीजों में आपकी रुचि है उनसे जुड़े रहें – काउंसिल ईमेल अपडेट के लिए साइन अप करें! QR कोड *को फॉलो करें या* mycouncil@wolverhampton.gov.uk *पर संपर्क करें*

WCC 846 07/2024

WolverhamptonToday Wolverhampton_Today @WolvesCouncil

City of Wolverhampton Council, Civic Centre, St. Peter’s Square, Wolverhampton WV1 1SH